## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक–03.03.2025 (संध्या–1900 बजे)

### मुख्य समाचार

- राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए पेश किया 1 लाख 45 हजार 400 करोड़ रुपये का बजट, मंइयां सम्मान योजना के लिए 13 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा का प्रावधान।
- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा– जनता पर बिना कोई आर्थिक बोझ डाले पेश किया गया संतुलित बजट, समावेशी विकास को मिलेगा बढ़ावा, भाजपा ने बजट को बताया निराशाजनक।
- निर्वाचन आयोग का दो दिवसीय सम्मेलन कल से दिल्ली में, झारखंड समेत सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के मुख्य चुनाव अधिकारी होंगे शामिल।
- प्रथम जेपीएससी नियुक्ति घोटाला के आरोपियों को मिली बड़ी राहत, झारखंड हाईकोर्ट ने अगले आदेश तक पीड़क कार्रवाई पर लगायी रोक।
- रांची समेत राज्य भर में गर्मी ने दी दस्तक, कई शहरों का तापमान 35 डिग्री सेल्सियस के पार, मौसम विभाग ने तापमान में और वृद्धि की जतायी आशंका।

*****************

विधानसभा के बजट सत्र के दौरान आज राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए एक लाख पैंतालीस हजार चार सौ करोड़ रुपये का अबुआ बजट पेश किया। बजट पेश करने के बाद श्री किशोर ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मंइयां सम्मान के लिए 13 हजार 363 करोड़ 35 लाख रुपए का प्रावधान किया गया है। वित्त मंत्री ने कहा कि विषम आर्थिक चुनौतियों के बावजूद हमने अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के साथ–साथ उनका ध्यान रखा, जो अपनी आवाज उठाने में सक्षम नहीं है।

*****************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विधानसभा में बजट पारित होने के बाद मीडिया से बातचीत में कहा कि यह सबको जोड़ने वाला बजट है। उन्होंने कहा कि जनता पर बिना किसी आर्थिक बोझ डाले एक संतुलित बजट पेश किया गया है।

*****************

प्रमुख विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी ने राज्य सरकार के बजट को नकार दिया है जबकि सत्ता पक्ष ने इसे कुशल वित्तीय प्रबंधन का प्रतीक बताया है। भाजपा विधायक चंपाई सोरेन और सीपी सिंह ने बजट को निराश करने वाला बताया है।

इस बीच विधायक जयराम महतो ने भी कहा है कि बजट में कुछ भी नया नहीं है। युवाओं के लिए बजट में कोई प्रावधान नहीं करना चिंताजनक है।

इधर, राज्य की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय और विधायक ममता देवी ने बजट को संतुलित बताया है। उन्होंने कहा है कि यह बजट समावेशी विकास को बढ़ावा देगा।

*****************

निर्वाचन आयोग का दो दिवसीय सम्मेलन कल से शुरु होगा। नई दिल्ली में आयोजित सम्मेलन में झारखंड समेत सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य चुनाव अधिकारी शामिल होंगे। ज्ञानेश कुमार के मुख्य निर्वाचन आयुक्त बनने के बाद निर्वाचन आयोग द्वारा आयोजित यह पहला सम्मेलन है।

*****************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में आठवें विजिटर्स पुरस्कार प्रदान किए। राष्ट्रपति ने उच्च शिक्षा संस्थानों से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में नए प्रयास करने का भी आग्रह किया।

*****************

पलामू जिले में सरकारी योजनाओं में भारी अनियमितताओं को लेकर पांकी विधायक डॉ. कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात की और एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। उन्होंने ग्रामीण कार्य विभाग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और जल जीवन मिशन से जुड़ी भ्रष्टाचार और लापरवाही को उजागर करते हुए निष्पक्ष जांच और कठोर कार्रवाई की मांग की।

*****************

प्रथम जेपीएससी नियुक्ति घोटाला में चार्जशीटेड एक दर्जन से ज्यादा आरोपियों को हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने रांची सीबीआई की विशेष अदालत द्वारा आरोपियों के विरुद्ध पीड़क कार्रवाई पर अगली सुनवाई तक के लिए रोक लगा दी है। हाईकोर्ट अब इस मामले में 16 अप्रैल को अगली सुनवाई होगी।

*****************

जमशेदपुर में टाटा समूह के संस्थापक जमशेदजी नसरवानजी टाटा की 186 वीं जयंती के उपलक्ष्य में टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन द्वारा मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

*****************

कोडरमा के तिलैया डैम में पर्यटन और मत्स्य उत्पादन द्वारा रोजगार के नए मार्ग प्रशस्त हो रहे हैं। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

*****************

- गुमला जिले के रायडीह प्रखण्ड क्षेत्र स्थित पीवीटीजी बाहुल्य नकटिझरिया गांव में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की पहल से सोलर पैनल के माध्यम से बिजली पहुंचाई गई है। इसके जरिये गांव के लगभग चालीस घर रौशन हुए हैं।
- रांची विश्वविद्यालय का 38वा  दीक्षांत समारोह 7 मार्च को होगा। विश्वविद्यालय के कुलपति डाक्टर अजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि समारोह के दौरान 77 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल और 4 हजार 400 छात्रों को डिग्री प्रदान की जायेगी।
- लोहरदगा जिले में मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय नदिया हिंदू के सभागार में आर्मी भर्ती कार्यालय, रांची की ओर से एक जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। सूबेदार मेजर राम पॉल और हवलदार समरजीत द्वारा युवाओं को अग्निवीर योजना के बारे में बताया गया।
- पाकुड़ जिले में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के दौरान लिटीपाड़ा प्रखण्ड के झेनागढिया गांव में स्वास्थकर्मियों के साथ मारपीट की घटना के खिलाफ स्वास्थकर्मियों ने आज से अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार कर दिया है। इससे स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हुई हैं।

*****************

राज्य के जमशेदपुर, पलामू और बोकारो समेत कई जिलों में तापमान बढ़कर 35 डिग्री के पार हो गया है। मौसम विभाग ने आनेवाले दिनों में तापमान में और वृद्धि होने की आशंका व्यक्त की है।

*******समाप्त*********